# सवा सौ किलोमीटर सड़कें बनेंगी

## निरीक्षण किया पता चला नालियों-बगीचों और सीवरेज से रोड उखड़ी



रतलाम, नप्र। शहर में एक सौ छब्बीस किलोमीटर की सड़क बनेगी। ये सड़के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह की घोषणानुसार पंचवर्षीय योजना के तहत बनना है। नगर विधायक चेतन्य काश्यप ने सड़कों की जरुरत को समझते हुए शहर के अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर स्थिति का आंकलन कर लिया हैं।

काश्यप कल 29 वार्डों की कॉलोनी की आंतरिक सड़कों व मुख्य रास्तों का जायजा लेने पहुंचे। इससे पहले वे 22 वार्डों में निरीक्षण कर चुके। काश्यप ने नगर निगम अमले को खराब सड़कों को फिर से बनाने के लिए आवश्यकतानुसार स्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए है। विधायक ने कॉलोनी, मोहल्ले एवं क्षेत्रीय स्तर की सड़कों का जायजा लेकर हर क्षेत्र में डामरीकरण, सीमेंट कांक्रीट और मरम्मत के काम की जरुरत का आंकलन करते हुए कार्य योजना बनाने पर जोर दिया।

काश्यप ने नाले नालियों, बगीचे एवं सीवरेज के कारण खराब हुई सड़कों का मुआयना करते हुए बारिश में जनसुविधा की दृष्टि से जहां जरूरी है वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार कार्य शुरू करवाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक यंत्री श्याम सोनी, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, मंडल महामंत्री हेमंत राहौरी मौजूद रहे।

प्रभातकिरण 25/7/21

## सफाई के नाम पर हो रही खानापूर्ति

रतलाम। स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर शहर सहित जिले में साफ सफाई के दावे खोखले साबित हो रहे। वही अधिकारियों द्वारा प्रचार प्रसार के नाम पर लाखो रुपये खर्च कर जनता के पैसो की बर्बादी की जा रही है। नगर निगम द्वारा रोजाना सफाई के लाख दावे किए जाए लेकिन हकीकत इससे उलट है। पूरे शहर में गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है, लेकिन निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को यह नजर नही आता।

राज एक्सप्रेस 25/7/21

# शिक्षकों का टीकाकरण कल से

रतलाम ● प्रदेश में उच्च शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अन्तर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों का कोविड-19 टीकाकरण एक अभियान के रूप में किया जाएगा। इसके लिए मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने सभी कलेक्टर्स और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 26 से 31 जुलाई में यह अभियान संचालित किया जाए।टीकाकरण अभियान का आयोजन जिला मुख्यालय एवं विकासखंडों में सुविधायुक्त महाविद्यालयों का चयन कर नियत तिथि में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इस अभियान में आदिम जाति कल्याण विभाग के विद्यालय सहित सभी शासकीय,अशासकीय महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कोविड-19 टीके के प्रथम, द्वितीय डोज लगाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। निर्देशित किया गया है कि सभी शिक्षा संस्थानों से समन्वय स्थापित कर वर्कप्लेस कोविड-19 टीकाकरण सत्र हों। साथ ही इस अभियान के दौरान टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड-19 अनुकूल व्यवहार का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वदेश 25

स्वदेश 25/7/21

# आज 101 केन्द्रों पर टीका

25.7.21

रतलाम, नप्र। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में चल रहे हैं कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत आज कोविड का टीका जिले के 101 केन्द्रों पर लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से तय सत्र स्थल अनुसार आलोट में आज 13 जगह टीके लगाए जा रहे है तो बाजना में 18, जावरा में 12, पिपलौदा में 5, सैलाना में 14, रतलाम ग्रामीण में 15 तथा रतलाम शहर में 24 जगहों पर टीके लगाए जाने का इंतजाम किया है।

अक्टूबर 25

# 27 हजार से ज्यादा ने लगवाई वैक्सीन, सभी ब्लॉक में 100% से ज्यादा टीकाकरण

## 21 जून से अब तक 2.09 लाख लोगों को लगा टीका, आज नहीं लगेंगे डोज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में वैक्सीन को लेकर उत्साह लगातार बना हुआ है। शनिवार को 25 हजार डोज के साथ जिले में टीकाकरण किया गया। अच्छी बात यह है कि सभी केंद्रों पर 100 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने टीके लगवाए। इधर, शहर में स्लॉट बुकिंग में ग्रामीण के लोगों का जोर दिखा। स्लॉट बुकिंग से आने वाले लोगों में ग्रामीण की संख्या अधिक थी।

जिले में शनिवार को सबसे ज्यादा शहर में ही टीकाकरण हुआ। शहर में सबसे ज्यादा 11,294 लोगों को टीके लगाए गए। जो लक्ष्य के मुकाबले 109.65 प्रतिशत है। जिले में कुल 25330 लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य था, इसके एवज में 27,265 लोगों ने टीके लगवा लिए। जिले में 21 जून से वैक्सीनेशन के महाअभियान की शुरुआत हुई थी। अभी तक 2.09 लाख लोगों को टीका लग चुका है। सबसे ज्यादा रतलाम शहर में 85847 लोगों ने टीके लगवाए हैं। वहीं, रतलाम ग्रामीण में 31465 लोगों को टीके लग चुके हैं। यह 139.47 प्रतिशत है क्योंकि 1.50 लाख लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य रखा गया था।

### दोपहर 12 बजे तक 500 ने लगवाए टीके

शनिवार को को-वैक्सीन के सेकंड डोज भी लगाए गए। 700 लोगों को टीका लगाना था, दोपहर 12 बजे तक 500 लोगों ने वैक्सीन लगवा ली। दोपहर 2 बजे तक 700 टीके खत्म हो गए थे। इधर, मेहंदीकुई बालाजी मंदिर के केंद्र पर एक गर्भवती भी टीका लगवाने पहुंच गई जिसे वापस लौटाया गया।

### कहां कितना टीकाकरण

| ब्लॉक | लक्ष्य | टीके लगे |
|---|---|---|
| आलोट | 4000 | 4369 |
| बाजना | 2000 | 2133 |
| सैलाना | 2030 | 2066 |
| जावरा | 2000 | 2135 |
| पिपलौदा | 1000 | 1086 |
| ग्रामीण | 4000 | 4182 |
| शहर | 10300 | 11294 |
| कुल | 25330 | 27265 |

दै. भास्कर 25/7/21

# कॉलेज स्टूडेंट को भी लगे कोरोना वैक्सीन, छात्रों को हो रही परेशानी



अक्टूबर 25

रतलाम | जिले के निजी और सरकारी कॉलेज के विद्यार्थियों को वैक्सीन लगवाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कॉलेज स्टूडेंट की वैक्सीनेशन की मांग को लेकर शुक्रवार को एनएसयूआई के छात्र एसडीएम अभिषेक गेहलोत से मिले। रतलाम ग्रामीण अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सेजावता ने बताया स्टूडेंट के लिए विशेष कैंप की जरूरत है। कई क्षेत्र में छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। आने वाले समय में कोरोना की तीसरी लहर आने की आशंका भी बनी है। जब तक पूरा वैक्सीनेशन ना हो जाए, कॉलेज नहीं खोले जाने चाहिए। इससे विद्यार्थियों का जीवन खतरे में रहेगा। इस दौरान कांग्रेस नेता यास्मीन शेरानी भी उनके साथ थीं।

# विधानसभा में उठेगा अनुकंपा नियुक्ति का मामला

## जानकारी एकत्रित करने में लगा स्वास्थ्य विभाग



भोपाल ■ प्रशासनिक संवाददाता

कोरोना काल में सरकारी कर्मचारियों की मौत के बाद आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति का मामला विधानसभा के मानसून सत्र में उठ सकता है।

इस मामले पर स्वास्थ्य विभाग ने सभी विभागों से इस संबंध में जानकारी मांगी है। कोरोना की दूसरी लहर में सरकारी विभागों में तैनात कर्मचारी काफी तदाद में संक्रमित हुए हैं, इसमें कुछ की मौत भी हो गई। कोरोना से मरने वाले कर्मचारियों के परिजनों को निर्धारित लाभ मिला या नहीं? इस संबंध में विधानसभा के मानसून सत्र में चर्चा हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी विभागों को संबंधित जानकारी भेजने के निर्देश दिये हैं। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा सभी क्षेत्रिय संचालक और जिला मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर पांच बिंदु पर जानकारी मांगी गई है, जिसके अनुसार कार्यालय में कोविड-19 से कितने शासकीय सेवकों की मृत्यु हुई? 31 जुलाई 2021 तक कोविड-19 से निधन के बाद कर्मचारी के परिवार के आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए कितने आवेदन प्राप्त हुए है। मृत शासकीय सेवक के आश्रितों से आवेदन प्राप्त करने के लिए क्या कार्रवाई की गई? अधीनस्थ कार्यालयों में कोविड -19 से निधन हुए नियमित, कार्यभारित एंव आकस्मिकता से वेतन प्राप्त करने वाले दैनिक वेतन भोगी, तदर्थ, संविदा, कलेक्टर रेट, आउट सोर्स तथा मानदेय पर काम करने कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई?, 21 जुलाई 2021 तक कोविड -19 से निधन होने पर शासकीय कर्मचारी के परिवार के एक व्यक्ति को अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए कितने आवेदन विचाराधीन है।

### मई में घोषित हुई थी अनुकंपा नियुक्ति योजना

कोरोना की दूसरी लहर के दौरान मई 2021 को सरकार ने अनुकंपा नियुक्ति योजना की घोषणा की थी। योजना एक मार्च 2021 से 30 जून 2021 तक ही लागू रहने की समय सीमा निर्धारित की गई थी। इस अवधि में कोरोना संक्रमित सरकारी कर्मचारी की मौत के बाद उनके परिवार के किसी एक आश्रित को पात्र होने पर अनुकंपा नियुक्ति देने का योजना के अंतर्गत प्रावधान किया गया है। इसके अलावा मई में ही मृतक कर्मचारियों के परिवार को पांच लाख का मुआवजा देने की भी घोषणा की गई थी।

राज एक्सप्रेस 25/7/21



# कलेक्टर ने विधायक के साथ किया विभिन्न् कार्यों का निरीक्षण

**स्वतंत्र एलान रिपोर्टर**

रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय के साथ जावरा क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं व प्रमुख कार्यों का निरिक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने विधायक डॉ. पाण्डेय के साथ हेरिटेज भवन महात्मा गांधी उत्कृष्ट विद्यालय का निरिक्षण किया। इस विद्यालय को पुरातात्विक महत्व के चलते जीर्णोद्धार किया जा रहा है। विद्यालय को सी.एम. राईजिंग स्कूल में भी चयन किया गया। कलेक्टर ने विद्यालय की पुरानी बनावट की प्रशंसा की। विधायक व कलेक्टर ने निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज के स्थल का निरिक्षण किया। यहां ब्रिज के एक और ऊँचाई को बढाने की कार्ययोजना पर चर्चा की। बाद में प्रीमियर आईल मिल परिसर का भी निरिक्षण किया। यहाँ कुछ समय पूर्व अनुविभागीय अधिकारी जावरा ने विभिन्न हिस्सों को शासकीय दर्ज किये जाने के आदेश किये जिसकी भी चर्चा की गई।

कलेक्टर व विधायक ने सिविल हास्पिटल का निरिक्षण किया। कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए बनाए गये बच्चों के वार्ड का भी निरिक्षण किया। यहाँ एक और स्थापित हो रहे आक्सीजन प्लांट के कार्य को भी देखा। सिविल हास्पिटल में नवीन आधुनिक पैथालाजी लैब, डिजिटल एक्सरे मशीन व प्रस्तावित सीटी स्केन मशीन स्थल का भी अवलोकन किया।

चिकित्सालय परिसर में आकर्षक चित्रकारी से कलेक्टर ने आकर्षित होकर प्रशंसा करते हुए कहा कि जावरा का माडल सभी जगह लागू किया जाना चाहिए। परिसर में निर्मित हो रहे महिला चिकित्सालय भवन निर्माण कार्य का भी निरिक्षण कर समय सीमा में कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। श्री पुरुषोत्तम व डॉ. पाण्डेय ने माडल स्कूल के निर्माणाधीन स्टाफ क्वार्टर व स्वीमिंग पूल का कार्य भी देखा। प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी हिमांशु प्रजापति व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वतंत्र 25

स्वतंत्र एलान 25/7/21



# विधायक काश्यप ने किया 29 वार्डों में कॉलोनी की आंतरिक सड़क व मुख्य मार्गों का निरीक्षण

**स्वतंत्र एलान रिपोर्टर**

रतलाम । मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह की घोषणानुसार पंचवर्षीय योजना के तहत शहर में बनने वाली 126 कि.मी. सड़कों के लिए विधायक चैतन्य काश्यप ने सभी वार्डों में पहुंचकर सड़कों की स्थिति का आंकलन कर लिया है। शुक्रवार को वे 29 वार्डों में कॉलोनी की आंतरिक सड़कों व मुख्य मार्गों का जायजा लेने पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने 22 वार्डों में पहुंचकर सड़कों का निरीक्षण किया था। श्री काश्यप ने नगर निगम अमले को खराब सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार स्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए है।

वार्डों के भ्रमण के दौरान विधायक चैतन्य काश्यप ने कॉलोनी, मोहल्ले एवं क्षेत्रीय स्तर की सड़कों सभी का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में डामरीकरण, सीमेंट-कांक्रीट और मरम्मत कार्य की आवश्यकता का आंकलन करते हुए कार्य योजना बनाने पर बल दिया। श्री काश्यप ने नाले नालियों, बगीचे एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मौका मुआयना करते हुए वर्षाकाल में जनसुविधा की दृष्टि से जहां आवश्यक है वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार कार्य शुरू करवाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक यंत्री श्याम सोनी, मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, मण्डल महामंत्री हेमंत राहौरी मौजूद रहे। स्वतंत्र एलान

स्वतंत्र एलान 25/7/21

# अलकापुरी में समस्याओं का अंबार, जीना दूभर–पुरोहित

रतलाम, नप्र। वार्ड 7 की अलकापुरी एवं आसपास की कॉलोनियों में समस्याओं का अम्बार लग चुका है। नगर निगम वार्ड की उपेक्षा कर नागरिकों के मूलभुत अधिकारों का हनन कर रही है। वार्ड में सडक, पानी, बिजली बगीचे और सफाई के काम को लेकर रहवासी अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है।

पूर्व पार्षद वंदना अनिल पुरोहित ने इस संबंध में कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के साथ ही नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को वार्ड सात की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की। वंदना पुरोहित ने बताया कि समस्याओं की ओर निगम प्रशासन को पहले भी कई बार अवगत कराया लेकिन निगम ने अब तक ध्यान नहीं उचित नहीं समझा। अलकापुरी में माँ अम्बे चौक से गांधी स्कूल और जीतनगर की सडक पूरी तरह खराब होकर जगह-जगह से टूट चुकी है। देखा जाए तो इस क्षेत्र में सडके पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। सडक की खराब हालात को लेकर पहले भी नागरिको के हस्ताक्षर कराकर निगम का ध्यान खींचा लेकिन महज कागजी कार्रवाई कर इतिश्री कर ली गई जबकि समस्या आज भी जस की तस होकर नागरिक खराब सडक की हालात से जूझ रही है। अलकापुरी कॉलोनी की ड्रेनेज लाइन सीवर लाइन कई जगहो पर टूट गई है। अधिकांश जगह तो नालियां जाम होने से गंदा पानी सडकों पर बह रहा है। पुरोहित ने बताया कि शहर की अन्य कॉलोनियों में तो सीवरेज लाइन का काम हो चुका है जबकि अलकापुरी कॉलोनी अभी भी इनसे वंचित है। पुरोहित ने बताया कि वार्ड के रहवासियो ने नगर निगम पानी को लेकर कई बार सपने दिखा चुकी है लेकिन पानी की समस्या से हाल बेहाल हो रहे है। अलकापुरी ही नहीं पूरा शहर जलसंकट से जूझ रहा है। वार्ड 7 में भी अनियमित पेयजल वितरण से नागरिक परेशान है तो कई जगह गंदा पानी आने की शिकायत आ रही है। जलप्रदाय का समय तय नहीं होने से नागरिक पानी नहीं भर पा रहे है। पुरोहित ने अलकापुरी पानी की टंकी को गंगासागर की मेन लाइन से जोड़ने की मांग कर टंकी भरने की समस्या को दूर करने की मांग की। पुरोहित ने बताया कि वार्ड की सड़कों पर बत्ती नहीं होने की वजह से सड़के अंधेरे में रहती है। रात को आने जाने में असामाजिक तत्वों एवं आवारा कुत्तों का भय रहता है। पुरोहित ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि इन समस्याओं का निराकरण अब समय रहते नहीं किया तो नागरिको के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिमेदारी निगम और जिला प्रशासन की रहेगी।

प्रभात किरण २५/७/२१

# सात अगस्त से हितग्राहियों को सरकारी मुफ्त राशन बैग में मिलेगा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत सरकारी उचित मूल्य दुकानों में लाभार्थियों को बैग में राशन मिलेगा। इसकी तैयारी शासन स्तर से पूरी हो गई है और जिले में सात अगस्त से वितरण शुरू हो जाएगा। जिले का खाद्य विभाग अन्न उत्सव की तैयारी कर रहा है और इसी दौरान जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैगों में सरकारी मुफ्त राशन दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक मुफ्त राशन बैग में कमल की तस्वीर के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की फोटो भी बनी रहेगी। राशन की दुकानों के बाहर लगने वाले बैनरों में भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की फोटो के साथ संदेश रहेगा। खाद्यान्न योजना का जबरदस्त तरीके से प्रचार-प्रसार करने की तैयारी है। प्रदेश स्तर से खाद्य विभाग के माध्यम से जिले की सभी 512 राशन दुकानों में बैग पहुंच जाएंगे। जिले में अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले परिवार के तहत कवर किए गए दस लाख से अधिक लाभार्थियों को जुलाई से लेकर नवंबर, 202[illegible] तक के लिए पांच किलो प्रति व्यक्ति प्रतिमाह की दर से मुफ्त खाद्यान्न मिलेगा, जो बैग में दिया जाएगा।

नईदुनिया/25

नईदुनिया 25/7/21

# पांच लाख लगवा चुके हैं जिंदगी का टीका

## जिले में 91 हजार 347 लोगों को लगाई जा चुकी हैं दोनों खुराक

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में शनिवार को 27265 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इसके साथ ही जिले में अब तक 501370 कोविड वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं। इसमें से 91347 लोग दूसरा डोज भी लगवा चुके हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि शनिवार को आलोट क्षेत्र में 4369, बाजना में 2133, सैलाना में 2066, जावरा में 2135, पिपलौदा 1086, रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 4182, रतलाम शहर में 11294 लोगों को टीका लगाया गया।

**बिना टीकाकरण के कर्मचारी या शिक्षक मिले तो प्राचार्य पर होगी कार्रवाई**

जिले के सभी सरकारी हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कोरोना की वैक्सीन लगाना जरूरी किया गया है। 26 जुलाई से कक्षा 11वीं एवं 12वीं की कक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा ने प्राचार्यों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि सभी अपने स्कूल प्राचार्य सुनिश्चित करेंगे कि विद्यालय में सभी कर्मचारी व शिक्षकों का वैक्सीनेशन हो चुका है। निरीक्षण में कोई कर्मचारी बिना वैक्सीनेशन पाया जाता है तो प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा ने बताया कि कलेक्टर के आदेश पर सभी प्राचार्यों को पत्र जारी किया है।

**नामली में शत-प्रतिशत टीकाकरण**

नगर परिषद नामली क्षेत्र के रहवासियों को शनिवार को हुए टीकाकरण के बाद कोरोना वैक्सीन की प्रथम डोज शत-प्रतिशत दी जा चुकी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि नामली नप की नवीन मतदाता सूची अनुसार कुल मतदाता 8399 हैं। 24 जुलाई को



रतलाम में शनिवार को घटलाकालोनी स्थित रेलवे डिस्पेंसरी में टीका लगवाती हुई युवती। ●नईदुनिया



नामली टीकाकरण केंद्र पर टीका लगाती हुई नर्स रेणुका बामनिया। ●नईदुनिया

टीकाकरण शिविर के बाद (प्रथम डोज) टीकाकरण शत प्रतिशत हो गया।

**220 लोगों को लगाए टीके**

नामली। नगर के शासकीय बालक छात्रावास पर शनिवार को 220 लोगों को टीके लगाए गए। इसमें पहले डोज वाले 150 व बाकी दूसरे डोज वाले को टीके लगाए गए। टीकाकरण के दौरान केंद्र पर नर्स रेणुका बामनिया, शिक्षिका मनोरमा सोलंकी, चेतन कुमावत मौजूद रहे।

**कम पड़ रहे टीके**

करिया। टीकाकरण महाअभियान के अंतर्गत प्रशासन द्वारा क्षेत्र के टीकाकरण सेंटर को दिए जा रहे डोज निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले कम पड़ रहे हैं। केंद्र पर टीका लगवाने वालों की भीड़ के चलते समय से पहले डोज खत्म हो जाते हैं। टीकाकरण नोडल बद्रीलाल चौहान ने बताया कि केंद्र को 150 फर्स्ट और 50 सेकंड डोज की मात्रा मिली थी, जो दोपहर पूर्व ही समाप्त हो गई।

**एक भी नया पाजिटिव नहीं**

रतलाम। जिले में लगातार दूसरे दिन शनिवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। अभी एक्टिव मरीजों की संख्या दो है। नईदुनिया 25

## बारिश में भी डटी रहीं महिलाएं



लालगुवाड़ी में टीका लगवाते हुए ग्रामीण। ●नईदुनिया

रानीसिंग। लालगुवाड़ी उप स्वास्थ्य केंद्र पर कोविड-19 का टीकाकरण शिविर लगाया गया। इसमें शाम 4:30 बजे तक 220 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। वैक्सीन लगवाने में पुरुष से ज्यादा महिलाओं में उत्साह देखा गया। टीकाकरण के दौरान एक घंटे जोरदार बारिश होने के बाद भी महिलाएं कतार में लगी रहीं। सीएचओ रेजिना राणा, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक ज्योत्सना आठे, जिला पंचायत सदस्य कलाबाई पारगी, पूर्व स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष बाबूलाल गुर्जर, सुरेश पारगी, नवस ग्राम प्रधान सोहनलाल भाभर, एमपीडब्ल्यू कमल सूर्यवंशी, एएनएम शायरा बी खान, पंचायत सचिव ईश्वरलाल मालवीय, सालिगराम भलावत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांति गुर्जर, संतोष डामर, वंदना पारगी, आशा निर्मला मईडा सहित कई जनप्रतिनिधियों का सराहनीय सहयोग रहा।



करिया में टीके लगवाने के लिए इंतजार करती हुई महिलाएं। ●नईदुनिया

नईदुनिया 25/7/21

# पाइपलाइन फूटी, पोकलेन चालक पर प्रकरण दर्ज

भास्कर संवाददाता | रतलाम.

पोकलेन से खुदाई के दौरान धोलावड़ की पाइप लाइन फूटने पर पोकलेन चालक पर प्रकरण दर्ज किया है। ग्राम मोरवानी और राजपुरा के बीच 18 जुलाई शाम को पाइप लाइन फूटी थी जिससे भारी मात्रा में पानी अपव्यय होने पर नगर निगम के प्रभारी सहायक यंत्री सत्यप्रकाश पिता अमरेश्वरजी आचार्य ने दीनदयाल नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। एई आचार्य ने पुलिस को बताया लोक निर्माण विभाग की ठेकेदार कंपनी आर्यवृत प्रोजेक्ट एंड डेवलपर्स प्रा.लि. द्वारा धोलावड़-मोरवनी टू-लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। कंपनी को नगर निगम ने जमीन के अंदर निगम स्वामित्व की 600 एमएम की डीआई रायजिंग लाइन की जानकारी दे दी थी। निर्माण के दौरान पोकलेन के चालक प्रमोद ने 18 जुलाई की शाम 4:30 बजे लापरवाहीपूर्वक खुदाई की जिससे रायजिंग लाइन क्षतिग्रस्त हुई। भारी मात्रा में जल अपव्यय हुआ और शाम को होने वाली सप्लाई बाधित हुई।

भास्कर 25

दैनिक भास्कर 25/7/21

**घटिया मरम्मत से हड्डी तोड़ हुई सड़कें** • डाट की पुल क्षेत्र में कहीं चूरी तो कहीं मिट्टी डाल रहे, लोगों ने किया विरोध

# दो महीने संभलकर चलें : 126 किमी रोड का काम बारिश में हो नहीं सकता, मरम्मत बढ़ा रही मुसीबत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

संभलकर चलिए... हमारे शहर की राह बड़ी मुश्किल है। नए फोरलेन को छोड़ दें तो शहर की सड़कों की पोल बारिश में खुलना शुरू हो चुकी है। शहर में 126 किमी की सड़कें नई बनना हैं लेकिन अभी एस्टीमेट ही तैयार हो रहे हैं। बारिश से पहले यह काम होना भी मुश्किल है तब तक मरम्मत से ही काम चलेगा। लेकिन मरम्मत ही परेशानी बनकर सामने आ रही है। इसे लेकर शनिवार को डाट की पुल क्षेत्र में विवाद भी हुआ। कारण ये था कहीं मिट्टी तो कहीं मुरम डाली जा रही थी, लोग इसके विरोध में आ गए। नतीजतन काम रुक गया। इधर, पीएंडटी कॉलोनी सहित अन्य इलाकों में वाहन फिसलने से हादसे भी हो रहे हैं।

**रोडमैप को मिल चुकी है मंजूरी, 126.53 करोड़ रुपए का खर्च :** 4 फरवरी को आए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पांच साल के रोडमैप को मंजूरी दी थी। सिटी रिंग रोड, आंतरिक सड़कों सहित 166.78 किमी लंबे रोड नेटवर्क को सुधारने में 126.53 करोड़ का खर्च होगा। अभी इसके लिए एस्टीमेट तैयार हो रहे हैं। 3.78 किमी लंबी 7 प्रमुख सड़कों को फोरलेन जितना चौड़ा किया जाएगा, 20 संकरी पुलिया को चौड़ा करके नए सिरे से बनाया जाएगा, खुदाई से खराब 153 किमी लंबी सड़कें बनाई जाएंगी।

## नगर निगम की लापरवाही जारी, पीएंडटी कॉलोनी में तो गुहार का भी असर नहीं

### आधी सड़क पर मुरम तो आधी पर बिछा रहे थे मिट्टी, लोगों ने किया विरोध



• **इलाका** - डाट की पुल, • **लंबाई** - करीब 700 मीटर

**स्थिति** - शिकायत पर शनिवार को यहां नगर निगम का अमला मरम्मत के लिए पहुंचा। आधी जगह मुरम और आधी जगह मिट्टी डालने से क्षेत्रवासी विरोध में आ गए, बहस भी हुई। क्षेत्रवासी नवदीप सिंह ने बताया मिट्टी से भराव कर रहे, इससे वाहन फिसलेंगे। राहुल धुलेकर ने बताया बड़े वाहन फंसेंगे इसका जिम्मेदार कौन होगा, सुनील दुबे ने कहा कि पूरी सड़क पर मुरम ही डालना होगी।

### हम लगातार निरीक्षण कर रहे

*मरम्मत का काम हो रहा है। हम लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। चूरी मुरम उपलब्ध है। लोगों की परेशानी दूर की जाएगी।*
**जीके जायसवाल,** सिटी इंजीनियर, नगर निगम

### सड़क ही नहीं बची है, स्कूटर फिसलने से घायल, रहवासी बोले- रोज होते हैं हादसे

• **इलाका** - लक्ष्मणपुरा,
• **लंबाई** - करीब 1 किमी


**स्थिति** - लक्ष्मणपुरा रिटायर्ड कॉलोनी क्षेत्र की सड़क लंबे समय से खराब है। शुक्रवार को एक युवती का वाहन फिसल गया जिससे चोट लगी। कुछ दिन पहले कविता महावर और सुनील महावर ने रोड सुधारने के लिए पत्र दिया था।



### गड्ढे बचाने के चक्कर में वाहन एक-दूसरे से टकरा रहे, अस्पताल भी जाना पड़ रहा

• **इलाका** - हाट रोड
• **लंबाई** - 600 मीटर


**स्थिति** - मुख्य बाजार से जुड़ने वाली सड़क पर भी गड्ढे परेशानी बने हुए हैं। रहवासियों के मुताबिक गड्ढे बचाने के चक्कर में वाहन एक-दूसरे से भिड़ जाते हैं। कई मामलों में लोगों को अस्पताल भी जाना पड़ता है। हादसे हो रहे हैं।



### सड़क पर बन रहा मिनी तालाब... हजारों लोगों के लिए यह खतरे भरा मुख्य रास्ता

• **इलाका** - अमृत सागर रोड
• **लंबाई** - 600 मीटर

**स्थिति** - न्यू बाजना बस स्टैंड से लेकर अमृतसागर गार्डन तक रोड जर्जर हो चुका है। सड़क पर मिनी तालाब बन रहा है। जो खतरनाक भी है। यह रोड दीनदयाल नगर, टाटा नगर, धीरजशाह नगर, ईश्वर नगर सहित अन्य इलाकों को जोड़ता है।



### यहां ब्रेक लगा तो... वाहन फिसलना तय है, तीन दिन पहले ही हुई है ऐसी मरम्मत

• **इलाका** - नगर निगम
• **लंबाई** - 100 मीटर

**स्थिति** - शहर में आए प्रभारी मंत्री को निगम चौराहे पर महाराजा रतनसिंहजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करना था इसलिए तुरत-फुरत में गड्ढे भर दिए। अब गिट्टी बाहर आ रही है। ऐसे में यदि किसी भी वाहन चालक ने ब्रेक लगा दिया तो हादसा होना तय है।



भास्कर 25

दै. भास्कर 25/7/21

# विधायक ने किया 29 वार्डों में कॉलोनी की आंतरिक सड़क व मुख्य मार्गों का निरीक्षण



प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह की घोषणानुसार पंचवर्षीय योजना के तहत शहर में बनने वाली 126 कि.मी. सड़कों के लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने सभी वार्डों में पहुंचकर सड़कों की स्थिति का आंकलन कर लिया है। शुक्रवार को वे 29 वार्डों में कॉलोनी की आंतरिक सड़कों व मुख्य मार्गों का जायजा लेने पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने 22 वार्डों में पहुंचकर सड़कों का निरीक्षण किया था। श्री काश्यप ने नगर निगम अमले को खराब सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार स्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

वार्डों के भ्रमण के दौरान विधायक चेतन्य काश्यप ने कॉलोनी, मोहल्ले एवं क्षेत्रीय स्तर की सड़कों सभी का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में डामरीकरण, सीमेंट-कांक्रीट और मरम्मत कार्य की आवश्यकता का आंकलन करते हुए कार्य योजना बनाने पर बल दिया। श्री काश्यप ने नाले नालियों, बगीचे एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मौका मुआयना करते हुए वर्षाकाल में जनसुविधा की दृष्टि से जहां आवश्यक है वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार कार्य शुरू करवाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक यंत्री श्याम सोनी, मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, मण्डल महामंत्री हेमंत राठौर मौजूद रहे।

# विधायक काश्यप ने किया 29 वार्डों में मुख्य मार्गों का निरीक्षण



रतलाम ● स्वदेश समाचार

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह की घोषणानुसार पंचवर्षीय योजना के तहत शहर में बनने वाली 126 कि.मी. सड़कों के लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने सभी वार्डों में पहुंचकर सड़कों की स्थिति का आकलन कर लिया है।

शुक्रवार को वे 29 वार्डों में कॉलोनी की आंतरिक सड़कों व मुख्य मार्गों का जायजा लेने पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने 22 वार्डों में पहुंचकर सड़कों का निरीक्षण किया था। श्री काश्यप ने नगर निगम अमले को खराब सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार स्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। श्री काश्यप ने नाले-नालियों, बगीचे एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मौका मुआयना करते हुए वर्षाकाल में जनसुविधा की दृष्टि से जहां आवश्यक है वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार कार्य शुरू करवाने के निर्देश भी दिए। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा निगम अधिकारीगण भी साथ थे। स्वदेश २५

स्वदेश। २५/७/२१